<u>कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी में</u>

<u>दिनांक - 02.06.2023 को</u>

<u>एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u>

<u>.. एक रिपोर्ट ..</u>

क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम और आदर्श अस्पताल, बेलतला के संयुक्त तत्वावधान में **कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी में दिनांक 02.06.2023 को एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।**

ज्ञात हो कि कार्यालय के अधिकारियों व कार्मिकों में हिन्दी में अपना काम-काज करने के प्रति जागरूकता व रूझान बढ़ाने और हिन्दी में काम करने के प्रति उनके झिझक को दूर करने के लिए इस कार्यालय में प्रत्येक तिमाही नियमित रूप से **हिन्दी कार्यशाला** का आयोजन किया जाता रहा है ।

कार्यशाला का विधिवत् उद्‌घाटन के पश्चात् सभी विशिष्ट अतिथि व्याख्याता व प्रतिभागियों का स्वागत श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने किया । उद्‌घाटन सत्र के दौरान **सुश्री श्वेता कुमारी, राजभाषा अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय, गुवाहाटी** ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि **कार्यालयों में हिन्दी कार्यशाला के आयोजन से अधिकारियों व कार्मिकों में हिन्दी में काम करने के प्रति रूझान पैदा होती है और विभिन्न सत्रों में विभिन्न व्याख्यानों व अभ्यास से हिन्दी में काम करने के प्रति उनकी जो झिझक है, वह दूर होती है ।**

दो सत्रों में विभाजित इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में विशिष्ट अतिथि व्याख्याता के रूप में **सुश्री श्वेता कुमारी, राजभाषा अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, अंचल कार्यालय, गुवाहाटी** ने '<u>कार्यालयों में हिन्दी कार्यान्वयन में कठिनाईयां व समाधान</u>'' विषय पर प्रतिभागियों को सारगर्भित जानकारी दी ।

द्‌वितीय सत्र में अतिथि व्याख्याता के रूप में **श्री कालीचरण बासफोर, सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी, स्टेट बोर्ड ऑफ इंडिया, गुवाहाटी** ने ''<u>प्रयोजन मूलक हिन्दी</u>'' पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी।

द्‌वितीय सत्र में ही विभागीय व्याख्याता के रूप में **सुश्री पापोरी चक्रवर्ती, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी** ने ''<u>कार्यालयीन संक्षिप्त टिप्पणियां व आलेखन</u>'' एवं **श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी** ने ''<u>सूचना प्रौद्‌योगिकी और हिन्दी</u>'' और "<u>मासिक हिन्दी रिपोर्ट कैसे भरें</u>" को पॉवर प्वाईंट के माध्यम से विस्तार पूर्वक बतलाया ।

अंत में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ । इस कार्यशाला में सभी 15 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे पूर्ण सफल बनाया। **कार्यशाला** का सफल संयोजन व संचालन **श्री मनोज कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी** ने किया ।

एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला की कुछ तस्वीरें

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
हिंदी कार्यशाला
HINDI WORKSHOP
दिनांक : 02-06-2023

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Labour & Employment, Govt. of India
हिंदी कार्यशाला
HINDI WORKSHOP
दिनांक : 02-06-2023

कर्मचारी राज्य
महोत्सव